**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**26.10.2025/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी.एस.टी. बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर प्रसन्नता जताई है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पूरा देश उत्सव की भावना में डूबा हुआ है और श्रद्धा, स्नेह व परंपरा का संगम देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में स्वदेशी वस्तुओं की भी जबरदस्त खरीददारी हुई है जो खुशी की बात है।

***जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में बहुत उत्साह है। इस बार त्योहारों में एक और सुखद बात देखने को मिली। बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। मैंने अपने पत्र में खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करने का भी आग्रह किया था, इस पर भी लोगों ने बहुत सकारात्मक रुख दिखाया है।***

ऑप्रेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि एक समय माओवादी आतंक से प्रभावित इलाकों में भी इस बार खुशी के दीये जलाए गए।

***ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जलाए गए जहाँ कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। लोग उस माओवादी आतंक का जड़ से खात्मा चाहते हैं जिसने उनके बच्चों का भविष्य संकट में डाल दिया था।***

प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की भी चर्चा की। ये गीत आगामी 7 नवम्बर को अपनी रचना के एक सौ 50वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से वंदे मातरम के महिमामंडन के लिए प्रयास करने और हैशटैग वंदे मातरम एक सौ 50 के साथ सुझाव भेजने का आग्रह किया।

**सराहना**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने डिजिटल गवर्नेंस सुधारों के अनुरूप लोक निर्माण विभाग के सौ कार्यालयों को ई–ऑफिस प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए विभाग की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विभाग में अब फाइलों का संचालन ई–ऑफिस के माध्यम से सुनिश्चित हो रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार विभाग में आंतरिक संचार भी अब आधिकारिक ईमेल के माध्यम से हो रहा है जिससे कार्य में अनावश्यक विलम्ब में कमी आई है। इस बीच लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि ये डिजिटल परिवर्तन विभाग को अधिक पारदर्शी, कुशल और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि पिछले अढ़ाई वर्षों में लोक निर्माण विभाग और शहरी विकास विभाग को केन्द्र से वित्तीय सहायता के रूप में साढ़े 4 हज़ार करोड़ रूपए की राशि मिली है। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पाहल में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही डेढ़ हज़ार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने पाहल में 2 सड़कों के शिलान्यास सहित राजकीय उच्च विद्यालय बमोत के परीक्षा केन्द्र का लोकार्पण भी किया। इससे पहले उन्होंने राजकीय विद्यालय कायना में विज्ञान प्रयोगशाला का भी उद्घाटन किया।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के जुब्बल में छात्राओं की राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 5 सौ छात्राएं भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने खेलों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि दिसम्बर माह में प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की 3 खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी जिसके लिए एक करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

**सेब कारोबार**

देश की आधुनिक मंडियों में शुमार सोलन सेब मंडी में इस बार सेब का 9 करोड़ रूपए का कारोबार हुआ है। इस सीज़न के दौरान करीब 20 लाख सेब पेटियां सोलन सब्ज़ी मण्डी पहुंची हैं। ए.पी.एम.सी. के सचिव राघव सूद ने बताया कि परवाणू सेब मण्डी में भी करीब 10 लाख सेब पेटियां पहुंच चुकी हैं।

**मैराथन**

पर्यटन नगरी मनाली में आज सुबह मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें विदेशी पर्यटकों सहित करीब 6 सौ 80 धावकों ने हिस्सा लिया। इस मैराथन के माध्यम से क्लीन मनाली—ग्रीन मनाली का संदेश दिया गया। इस मैराथन में गुजरात के सूरत निवासी संदीप पहले स्थान पर रहे। मनाली के एस.डी.एम. रमण कुमार ने मेधावी धावकों को सम्मानित किया।

**गौरव दिवस**

किन्नौर ज़िला मुख्यालय रिकांग पिओ में 30 और 31 अक्तूबर को राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। ज़िला प्रशासन ने इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना और भावी पीढ़ी को उनके त्याग से प्रेरित करना है।

.......................................